## न्यूज डायरी




### कोविड–19 की दवा के तीसरे चरण के ट्रायल की शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस महामारी के बीच एक और अच्छी खबर है। अमेरिका की दवा नर्माता कंपनी इली लिली ने घोषणा की है कि उसने अपनी कोविड–19 की दवा LY&CoV555 के तीसरे चरण के ट्रायल की शुरुआत कर दी है। इस परीक्षण में अमेरिका का संक्रामक रोग संस्थान भी हिस्सा ले रहा है। बताया जा रहा है कि इस तीसरे चरण के ट्रायल में 2400 लोग हिस्सा लेंगे। इस अध्ययन में ऐसे संकट में फंसे लोगों और अस्पताल के कर्मचारी हिस्सा लेंगे जो हाल ही में कोरोना से ठीक हुए हैं। इस अध्ययन में हिस्सा लेने वाले लोगों को कोरोना वायरस की दवा LY&CoV555 की एक खुराक दी जाएगी। इस ट्रायल के दौरान कोरोन की दवा SARS&CoV&2 के स्पाइक प्रोटीन के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित करेगी। रिसर्च में कहा गया है कि कोरोना वायरस इंसानों की कोशिकाओं में स्पाइक प्रोटीन के जरिए घुसपैठ करता है। LY&CoV555 दवा कोरोना वायरस को इंसानों की कोशिकाओं में घुसने से रोकती है।

### अफगानिस्तान के सुरक्षाबलों ने इस्लामिक स्टेट के कब्जे से छुड़ायी जेल, 39 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जलालाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत की राजधानी जलालाबाद में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकियों के साथ घंटों तक चली मुठभेड़ के बाद सेना ने एक जेल को अपने नियंत्रण में ले लिया। इस्लामिक स्टेट के हमले में अब तक हमलावरों समेत 39 लोग मारे जा चुके हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि इस जेल में आईएस के सैंकड़ों कैदी हैं और हमलावर करीब 400 कैदियों को आजाद कराने में सफल रहे। इस हमले से अफगानिस्तान के समक्ष आने वाले चुनौतियों का संकेत मिलता है। अमेरिका द्वारा तालिबान के साथ शांति संधि करने के बाद अमेरिका और नाटो के सैनिक वापस जाने लगे हैं। इससे पहले, रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता फवाद अमान ने बताया कि काबुल से करीब 115 किलोमीटर दूर जलालाबाद में सुरक्षाबलों ने सोमवार को इस जेल को अपने नियंत्रण में ले लिया। हमले में कम से कम 50 घायल भी हुए।

### अब ब्रिटेन के सिक्कों पर नजर आएगी महात्मा गांधी की तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। जिंदगीभर अंग्रजों के दमन और उपनिवेशवाद के खिलाफ सत्याग्रह करने वाले भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर अब ब्रितानी मुद्रा पाउंड पर नजर आएगी। महात्मा गांधी पहले ऐसे अश्वेत व्यक्ति होंगे जिनकी तस्वीर पाउंड पर छपने जा रही है। जिस ब्रिटिश सरकार के सूरज का कभी अस्त नहीं होता था, उसके ताकत और वैभव का प्रतीक कहे जाने वाली मुद्रा पर बापू की तस्वीर छपना एक ऐतिहासिक घटना माना जा रहा है। संडे टेलिग्राफ अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक सिक्कों के डिजाइन और उनके विषयवस्तु पर सलाह देने वाली द रॉयल मिंट एटवाइजरी कमिटी ने बापू के तस्वीर वाले सिक्के के डिजाइन पर काम करना शुरू कर दिया है।

### अमेरिका में भारतीय मूल की अनुसंधानकर्ता की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ह्यूस्टन। अमेरिका में भारतीय मूल की एक अनुसंधानकर्ता की हत्या कर दी गई। घटना के वक्त वह जॉगिंग कर रही थीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शर्मिष्ठा सेन (43) टेक्सास के प्लानो शहर में रहती थीं। एक अगस्त को चिशोल्म ट्रेल पार्क के पास जॉगिंग करते समय उन पर अचानक से हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गयी। डब्ल्यूएफएए डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार लीगेसी ड्राइव और मार्चमैन वे के पास क्रीक इलाके में एक राहगीर ने उनके शव को देखा। फॉक्स4न्यूज की खबर के अनुसार शर्मिष्ठा फार्मासिस्ट और अनुसंधानकर्ता थीं जो कैंसर रोगियों के लिए काम करती थीं। उनके दो बेटे हैं। डल्लासन्यूज डॉट कॉम के अनुसार इस मामले में एक संदिग्ध को लूटपाट के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चीन ने भारत से लगी सीमा के पास तैनात कीं परमाणु मिसाइलें

**खुलासा**

## सैटलाइट से खुलासा, चीन ने शिनजियांग प्रांत के कोर्ला सैन्य ठिकाने पर मिसाइलें तैनात की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख में चल रहे तनाव के बीच चीन ने भारतीय सीमा से सटकर बड़े पैमाने पर अपनी परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइलें डीएफ 26/21 तैनात कर दी हैं। सैटलाइट से मिली तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने अपने शिनजियांग प्रांत के कोर्ला सैन्य ठिकाने पर डीएफ 26/21 मिसाइलें तैनात की हैं। तस्वीरों में ये मिसाइलें बिल्कुल साफ नजर आ रही हैं। इस मिसाइल की मारक क्षमता करीब 4 हजार किलोमीटर तक है और इसकी जद में भारत के ज्यादातर शहर आते हैं।

ओपन इंटेलिजेंस सोर्स Detresfa की ओर से जारी ये सैटलाइट तस्वीरें इस साल जून महीने में ली गई हैं। फेडरेशन ऑफ अमेरिकी साइंटिस्ट की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक कुर्ला बेस पर पहली मिसाइल अप्रैल 2019 और दूसरी मिसाइल अगस्त 2019 में तैनात की गई थी। चीनी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक डीएफ–26




मिसाइलों से लैस चीनी सेना की 646 वीं ब्रिगेड को पहली बार अप्रैल 2018 में तैनात करने का ऐलान किया गया था। इसके बाद जनवरी 2019 में चीनी मीडिया ने घोषणा की थी कि डीएफ–26 मिसाइलों के साथ चीन के पश्चिमोत्तर पठारी इलाके (भारत से सटे) में युद्धाभ्यास किया गया है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों का मानना है कि भारत के मुकाबले चीन के परमाणु हथियारों की संख्या काफी अधिक है। चीन जल्द ही फ्रांस को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे अधिक परमाणु हथियारों वाला देश बन जाएगा। चीन के परमाणु हथियारों संख्या पिछले 15 साल में दोगुनी हो गई है। चीन अगले एक दशक में इन परमाणु हथियारों की संख्या को काफी बढ़ाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि चीन के बढ़ते परमाणु हथियारों से उसके पड़ोसी देशों की बेचैनी बढ़ गई है। परमाणु हथियारों पर नजर रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था सिप्री की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने ही पिछले साल अपने परमाणु हथियारों के जखीरे में इजाफा किया है। सिप्री की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास 150 और चीन के पास 320 परमाणु हथियार हैं। चीन ने पिछले एक साल में 30 परमाणु हथियार बढ़ाए हैं, वहीं भारत ने 10 एटम बम।

**परमाणु और परंपरागत हथियार ले जाने में सक्षम है डीएफ-26:** चीन की डीएफ–26/21 मिसाइल की मारक क्षमता करीब 4 हजार किलोमीटर तक है और इसकी जद में भारत के ज्यादातर शहर आते हैं। चीन ने इसे लद्दाख से मात्र 500 किलोमीटर की दूरी पर तैनात किया है। यह मिसाइल अपनी दोहरी क्षमता के लिए दुनियाभर में कुख्यात है। क्थ–26 परमाणु और परंपरागत दोनों ही तरह के हथियार ले जाने में सक्षम है। इसकी इसी क्षमता के कारण दुश्मन को यह समझना मुश्किल होगा कि कौन सी मिसाइल परमाणु हथियार लेकर आ रही है।

## उत्तर कोरिया ने मिसाइलों से दागने के लिए बनाए छोटे परमाणु हथियार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के सनकी तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी मिसाइलों से दागने के लिए छोटे परमाणु हथियार बनाने में सफलता हासिल कर ली है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उत्तर कोरिया पर बनाई गई विशेषज्ञों की कमिटी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि नॉर्थ कोरिया प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को तेज कर रहा है।

कमिटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, उत्तर कोरिया लगातार अपना परमाणु कार्यक्रम चला रहा है। इसमें उच्च संवर्धन वाले यूरेनियम और लाइट वॉटर रिएक्टर का निर्माण शामध्लि है। एक सदस्य्य देश ने कहा कि उत्त्तर कोरिया लगातार परमाणु हथियारों का निर्माण कर रहा है। इस अंतरिम रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कई देशों का मानना है कि उत्तर कोरिया ने मिसाइलों में फिट करने के लिए छोटे परमाणु हथियार बना लिए हैं।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों का मानना है कि किम जोंग उन ने 6 परमाणु परीक्षण छोटे परमाणु बम बनाने के लिए किया था। एक देश ने यहां तक कहा है कि उत्तर कोरिया मल्टिपल वॉरहेड सिस्टम पर काम कर रहा है।



## मां ने कैदी बच्चे के लिए एक हाथ से खोदी सुरंग, जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। अब तक आपने दुनिया में जेल को तोड़ने और वहां तक लंबी सुरंग बनाने की कई कहानियां सुनी होंगी। यह कहानी इन सबसे काफी अलग है। यूक्रेन में एक मां ने अपने जेल में बंद बच्चे को बचाने के मात्र एक हाथ से 35 फुट लंबी सुरंग खोद डाली। आरोपी मां अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाई और वह पकड़ी गई। अब यह महिला खुद भी जेल पहुंच गई है। बेटे को बचाने के लिए 51 साल की महिला ने पूरी रणनीति बनाई। इसके तहत उसने सबसे पहले जपोरिझिआ इलाके में किराए पर घर लिया जहां पर उसका बेटा जेल में सजा काट रहा था। उसने बेलचा और कुदाल लिया तथा खुदाई शुरू कर दी। लोगों का ध्यान पड़े इसके लिए महिला ने केवल रात में खुदाई की।

# आतंकवाद का केंद्र है पाकिस्तान कश्मीर पर नहीं गलेगी कोई दाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



संयुक्त राष्ट्र। भारत ने आतंकवाद को लेकर एक बार फिर से पाकिस्तान पर बड़ा हमला बोला है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस त्रिमूर्ति ने पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताया है। उन्होंने आतंकवादियों को पालने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की और कहा कि वहां पर अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में शामिल सबसे ज्यादा आतंकी रहते हैं।

त्रिमूर्ति ने कहा कि जमात उद दावा, लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन लगातार पाकिस्तान से अपना अभियान चलाए हुए हैं। उन्होंने कहा, यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान आतंकवाद का बड़ा केंद्र है। पाकिस्तान सबसे ज्यादा सूचीबद्ध आतंकवादियों और आतंकी गुटों का घर है इसमें जमात उद दावा, लश्कर ए तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन शामिल हैं।

त्रिमूर्ति ने कहा कि ये संगठन लगातार पाकिस्तान में अपना अभियान चलाए हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र और उसकी रिपोर्ट में यह बार–बार कहा गया है कि पाकिस्तानी आतंकवादी विदेशों में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हैं। यूएन की रिपोर्ट के हवाले से त्रिमूर्ति ने कहा कि अलकायदा और आईएस जैसे आतंकवादी संगठनों के लिए नेतृत्व करने वाले और पैसा पाकिस्तान से आ रहा है।

उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तान में इस समय 40 हजार आतंकवादी हैं। त्रिमूर्ति ने कहा कि पाकिस्तान द्विपक्षीय मुद्दों को लंबे समय से ही अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने का प्रयास करता रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कश्मीर के मुद्दे को यूएन में घसीटने का पाकिस्तान का प्रयास सफल नहीं होगा।

## टिकटॉक ने किसी अमेरिकी कंपनी को कारोबार नहीं बेचा तो लगेगा बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत में लोकप्रिय चीनी ऐप टिकटॉक पहले ही बैन हो चुका है और अब अमेरिका में भी उस पर संकट मंडरा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर टिकटॉक अपना बिजनेस 15 सितंबर तक किसी अमेरिकी कंपनी को नहीं बेचता है, तो यहां भी इसे बंद कर दिया जाएगा। बता दें कि इससे पहले भी ट्रंप अमेरिका में टिकटॉक को बैन करने की बात कह चुके हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा था कि वह अमेरिका में टिकटॉक को बैन करने पर विचार कर रहे हैं। इसी बीच ये भी खबर आ रही है कि दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट अमेरिका में टिकटॉक के कारोबार का अधिग्रहण कर सकती है। अब चीन के सामने दो रास्ते हैं। या तो वह अपना अमेरिका में बिजनेस माइक्रोसॉफ्ट को बेच दे, वरना अमेरिका में भी बैन का सामना करे। हालांकि, इस पर अब तक टिकटॉक की ओर से कोई बयान नहीं आया है। बता दें कि चीन की कंपनी बाइटडांस पपर लगातार यूजर्स का डेटा शेयर करने का आरोप लगता रहा है, जो टिकटॉक की पैरेंट कंपनी है।